OPTIMUM
INTERNATIONAL SCHOOL

# CLASS – VI

**Hindi** **Date:-16/04/2020**

नीचे दिए गए पाठ्य-सामग्री के आधार पर गृहकार्य को पूरा करें।

"आ रही रवि की सवारी" कविता याद करें।
कविता के आधार पर नीचे दिए गए शब्दार्थ याद करें, इसके उपरांत शब्दार्थ को अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें और इसके आधार पर नये वाक्य की रचना करें।

## विषय-सूची


| क्रम | पाठ का नाम | विधा | रचनाकार | पृष्ठ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आ रही रवि की सवारी | कविता | डॉ० हरिवंशराय बच्चन | 7 |
| 2. | अन्याय का विरोध | कहानी | अंतोन चेखव | 12 |
| 3. | सरफ़रोशी की तमन्ना | एकांकी | संकलित | 19 |
| 4. | गिल्लू | कहानी | महादेवी वर्मा | 28 |
| • | मैरी कॉम (केवल पढ़ने के लिए) | खेल | संकलित | 36 |
| 5. | पुरस्कार | कहानी | जयशंकर प्रसाद | 38 |
| 6. | ग्लोबल वॉर्मिंग | लेख | | 46 |
| 7. | मेरी यूरोप यात्रा | यात्रा-वृत्तांत | डॉ० राजेंद्र प्रसाद | 53 |
| • | सरदार ऊधम सिंह (केवल पढ़ने के लिए) | त्याग/वीरता | संकलित | 61 |
| 8. | डॉ० भीमराव अंबेडकर | जीवनी | संकलित | 63 |
| 9. | भक्ति के पद | दोहा | सूरदास | 70 |
| 10. | गाँव बड़ा या शहर | संवाद | संकलित | 75 |
| 11. | कलम आज उनकी जय बोल! | कविता | रामधारी सिंह 'दिनकर' | 83 |
| 12. | मिठाईवाला | कहानी | भगवती प्रसाद वाजपेयी | 89 |
| • | दादा साहब फालके (केवल पढ़ने के लिए) | जीवनी | मनमोहन चड्ढा | 97 |
| 13. | सरस्वती पाठशाला | संस्मरण | डॉ० रामविलास शर्मा | 99 |
| 14. | मेरा बचपन | आत्मकथा | रवींद्रनाथ टैगोर | 106 |
| • | अभ्यास प्रश्न-पत्र–1 | | | 113 |
| • | अभ्यास प्रश्न-पत्र–2 | | | 115 |


(vi)

# 1 आ रही रवि की सवारी

प्रस्तुत कविता में कवि हरिवंशराय बच्चन ने सूरज को एक राजा मानकर सूर्योदय के दृश्य का वर्णन किया है। इस पावन बेला में प्रकृति में होनेवाले सुंदर परिवर्तन का मनोहर चित्रण प्रस्तुत किया गया है। दिन के राजा सूरज के साथ-साथ किरण, बादल और पक्षियों का भी मानवीकरण किया गया है।

आ रही रवि की सवारी।
नव-किरण का रथ सजा है,
कलि-कुसुम से पथ सजा है,
बादलों-से अनुचरों ने
स्वर्ण की पोशाक धारी।
आ रही रवि की सवारी।

विहग, बंदी और चारण
गा रहे हैं, कीर्ति-गायन,
छोड़कर मैदान भागी,
तारकों की फ़ौज सारी।
आ रही रवि की सवारी।

चाहता, उछलूँ विजय कह,
पर ठिठकता देखकर यह
रात का राजा खड़ा है,
राह में बनकर भिखारी।
आ रही रवि की सवारी।



*–डॉ० हरिवंशराय बच्चन*

**अध्यापन-संकेत–** कविता का लयपूर्ण स्वर में वाचन करें। तत्पश्चात छात्रों को भी सुर, लय में शुद्ध उच्चारण के साथ गाने के लिए कहें। कविता गायन के पश्चात छात्रों से प्रश्न पूछें। प्रश्नोत्तर के माध्यम से भाव समझाएँ। कठिन प्रश्नों के सरल शब्दों में उत्तर देकर उनकी जानकारी में वृद्धि करें। तुकांत शब्द और शब्द-युग्म के विविध प्रकार के बारे में बताएँ। छात्रों को वर्षा या बसंत पर कविता लिखने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

## शब्दार्थ

रवि – सूर्य (*The sun*)
कलि-कुसुम – बिना खिला फूल (*A bud*)
स्वर्ण – सोना (*Gold*)
विहग – पक्षी (*Bird*)
कीर्ति – यश, प्रशंसा (*Repute, fame*)
फ़ौज – सेना (*An army*)
नव किरण – नई किरण (*New rays*)
अनुचर – सेवक (*A follower, servant*)
पोशाक – परिधान (Dress)
चारण – भाट, वीरों की प्रशंसा का गीत गाने वाला (*A bard, a panegyrist*)
तारक – तारा (*Star*)
ठिठकना – स्तब्ध होना (*To stop short*)

**कवि-परिचय–** हरिवंशराय बच्चन का जन्म 27 नवंबर, 1907 ई० को इलाहाबाद के एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। इन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय तथा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद सन 1941 से 1952 तक इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेज़ी के प्राध्यापक के रूप में कार्य किया। बच्चन जी की प्रमुख रचनाएँ हैं–मधुशाला, मधुकलश, मधुकाव्य, खादी के फूल आदि। इन्होंने अपनी आत्मकथा चार खंडों में लिखी। 18 जनवरी, 2003 को इस महान कवि का मुंबई में निधन हो गया।

# अभ्यास

### मौखिक

Speaking Skills

1. **दिए गए शब्दों का शुद्ध उच्चारण कीजिए।**
   नव-किरण, कलि-कुसुम, विहग, चारण, कीर्ति, फ़ौज, भिखारी
2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
   (क) सूर्य किसके रथ पर सवार होता है?
   (ख) बादलों को किसकी उपमा दी गई है?
   (ग) रात का राजा किसे कहा गया है?



**Link of Optimum Online E-Learning Platform:- http://www.optimumschool.net/online
In case of any query call at +91-9818033213**